मॉडल प्रश्न–पत्र–I

कक्षा – बारहवीं

विषय – इतिहास

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश–1. प्रश्न क्रमांक 1 में चार खण्ड है। प्रत्येक खंड में 5–5 अंक आबंटित है।

2. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 25 शब्द है।
3. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 1. **(खण्ड 'अ') सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

(1) हड़प्पा की सभ्यता की खोज कब की गई थी–

(अ) 1918–19 में (ब) 1919–20 में

(स) 1920–22 में (द) 1923–24 में

(2) अशोक महान किस वंश का शासक था–

(अ) गुप्तवंश (ब) मौर्यवंश

(स) कुषाणवंश (द) नंदवंश

(3) सन् 1320 में गाजीमलिक के नाम से कौन गद्‌दी पर आसीन हुआ–

(अ) मुहम्मद बिनतुगलक (ब) गयासुदीन तुगलक

(स) फिरोजशाह तुगलक (द) अलाउद्‌दीन तुगलक

(4) बक्सर युद्ध हुआ था–

(अ) 1857 ई. (ब) 1764 ई.

(स) 1765 ई. (द) 1768 ई.

(5) आर्य समाज की स्थापना की थी–

(अ) दयानंद सरस्वती (ब) ईश्वरचन्द विद्यासागर

(स) विवेकानंद (द) राजाराम मोहन राय

(खण्ड 'ब') रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(1) समुद्र गुप्त का उत्तराधिकारी .... था।

(2) .... के शासन काल में तिरूपति मंदिर का निर्माण हुआ।

(3) अर्थशास्त्र की रचना .... ने की थी।

(4) मुसोलिनी के सैन्यदलों को .... कहा जाता था।

(5) अक्सर उत्तम चारागाह भूमियाँ .... के किनारे पर होती है।

(खण्ड 'स') एक शब्द में उत्तर दीजिए–

(1) प्रसिद्ध पशुपति मुद्रा किस स्थान से मिली है ?

(2) नंदवंश का सबसे प्रमुख शासक कौन था ?

(3) 18वीं शताब्दी में उच्च शिक्षा का माध्यम क्या था ?

(4) बुद्ध ने अपने उपदेश किस भाषा में दिये थे ?

(5) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किसने की थी ?

(खण्ड 'द') सही जोड़ी मिलाइए–

(1) सुकर्णो	–	1939
(2) हिटलर	–	1917
(3) द्वितीय विश्व युद्ध	–	विस्टन चर्चिल
(4) बोल्शेविक क्रांति	–	इंडोनेशिया
(5) ब्रिटिश प्रधानमंत्री	–	जर्मनी

प्रश्न 2. ताम्र पाषाण युग में औजारों के निर्माण के लिए किस सामग्री का उपयोग होता था ?

प्रश्न 3. गांधांर शैली के प्रमुख संरक्षक कौन थे ?

प्रश्न 4. सल्तनत काल का पतन कब शुरू हुआ था ?

प्रश्न 5. किस महिला शासक ने मुगलों से युद्ध किया ? अपने किस प्रदेश पर राज किया ?

प्रश्न 6. पीर कौन थे ?

प्रश्न 7. हड़प नीति (विलय नीति) का प्रतिपादन किस गवर्नर जनरल ने किया था ?

प्रश्न 8. दोहरी शासन प्रणाली क्या है ?

प्रश्न 9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब और किसने की थी ?

प्रश्न 10. धुरी राष्ट्र में कौन–कौन से देश सम्मिलित थे ?

प्रश्न 11. शहरी करण से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 12. राजा द्वारा कृषि की फसल पर कितना कर लिया जाता था ?

प्रश्न 13. कलमकारी से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 14. वर्णाश्रम क्या है ?व्याख्या करें।

प्रश्न 15. महमूद गजनवी कौन था ? उसने भारत पर आक्रमण क्यों किया ?

प्रश्न 16. प्रथम विश्व युद्ध के तात्कालिक कारण को समझाइये।

प्रश्न 17. अंग्रेज फ्रांसीसी संघर्ष में अंग्रेजों की सफलता के तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 18. 1945 ई. के बाद कौन–कौन से महाद्वीप अविकसित थे। और क्यों ?

प्रश्न 19. सरदारी व बादशाहत में तीन अंतर बताइये।

प्रश्न 20. गुप्त साम्राज्य के पतन के चार कारण लिखिए।

अथवा

आर्यभट्ट कौन थे ? उन्होंने किन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया ? लिखिए।

प्रश्न 21. 19वीं शताब्दी में कृषि के पतन के कारणों का परीक्षण कीजिए।

अथवा

मध्यकालीन भारत के दौरान सिंचाई के साधनों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 22. साइमन कमीशन के बहिष्कार पर चर्चा कीजिए।

अथवा

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सार क्या था ? समझाइये।

प्रश्न 23. भारतीय संस्कृति की प्रमुख चार विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

खिलजी युग की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 24. पुरापाषाण युग के दौरान उपयोग किये जाने वाले औजारों की प्रमुख विशेषताएँ और उपयोग लिखिए।

अथवा

हड़प्पा वासियों के धार्मिक जीवन के संबंध में कुछ प्रमुख विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 25. क्या अमीरों और गरीबों का अंतर आज बढ़ रहा है या कम हो रहा है ? उल्लेख कीजिए।

अथवा

यह कहना क्यों उचित है कि बीसवीं सदी की चीनी क्रांति इतिहास की महानतम क्रांति रही है ?

प्रश्न 26. गांधीजी द्वारा 1920 में चलाये गये असहयोग आंदोलन के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

साम्यवादी (मार्क्सवादी) साम्राज्यवाद के घोर विरोधी है क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 27. जार कालीन रूस में किसान अभिजात वर्ग से असंतुष्ट क्यों थे ? कारण बताइये।

अथवा

शीतयुद्ध के लिए जिम्मेदार कुछ कारकों का उल्लेख कीजिए।